# प्यारे कान्हा भूल ना जाना मेरे घर भी आना लिरिक्स

प्यारे कान्हा भूल ना जाना,
मेरे घर भी आना प्यारे कान्हा,
छोटे छोटे हाथों से तुम,
बांसुरी बजाना मेरे कान्हा,
प्यारे कान्हा भुल ना जाना,
मेरे घर भी आना प्यारे कान्हा।bd।

तर्ज – इचक दाना बीचक दाना।

---

अपने गोपाल जी को गोद में बिठाउंगी,
छोटा सा सांवरिया संग ले आउंगी,
हाथी घोडा पालकी,
ला दूंगी खिलौना मेरे कान्हा,
प्यारे कान्हा भुल ना जाना,
मेरे घर भी आना प्यारे कान्हा।bd।

---

चन्दन के पाट पे बैठो गिरधारी,
सोने की थाल में परोसूं हलवा पूरी,
माखन मिश्री थाल सजाऊँ,
आकर भोग लगाना मेरे कान्हा,
प्यारे कान्हा भुल ना जाना,
मेरे घर भी आना प्यारे कान्हा।bd।

---

मन को मेरे मंदिर बनाउंगी,
स्वागत में तेरे पलके बिछाऊँगी,
छोटी सी कुटिया में आकर,
मेरा मान बढ़ाना मेरे कान्हा,
प्यारे कान्हा भुल ना जाना,
मेरे घर भी आना प्यारे कान्हा।bd।

---

प्यारे कान्हा भूल ना जाना,
मेरे घर भी आना प्यारे कान्हा,
छोटे छोटे हाथों से तुम,
बांसुरी बजाना मेरे कान्हा,
प्यारे कान्हा भुल ना जाना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com